# मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज प्रतियोगिता, 2025

## (जिला स्तरीय)

## आयोजन दिनांक 25.11.25

## प्रेस नोट

जैवविविधता जागरूकता एवं संरक्षण के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 25.11.25 को प्रदेश के समस्त 55 जिला मुख्यालयों में मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज 2025 (MPBDQ 2025) का जिला स्तरीय आयोजन लिखित परीक्षा के माध्यम से ऑफलाईन आयोजित किया गया।

जिला स्तरीय क्विज़ प्रतियोगिता प्रदेश के समस्त जिलों में क्षेत्रीय वनमण्डलाधिकारियों के निर्देशन मे सफलतापूर्वक आयोजित की गई। प्रतियोगिता में समस्त जिलों के नामांकित नोडल अधिकारियों, क्विज़ समन्वय अधिकारियों, विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकों एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

जिला स्तरीय जैवविविधता क्विज प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 55 जिलों की कुल 3,720 विद्यालयीन टीमों के 11,160 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभागिता की गई। प्रत्येक जिले की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता टीमों को समापन समारोह मे प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी/पदकों से सम्मानित किया गया एवं शेष सभी पंजीकृत टीमों के प्रतिभागियों को क्विज सहभागिता प्रमाण पत्र वितरित किया जाकर कार्यक्रम का समापन किया गया। अगले चरण में सभी जिलों में प्रथम रही 55 टीमों द्वारा दिनांक 12.12.2025 को आयोजित राज्य स्तरीय जैवविविधता क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया जावेगा।

(अजय कुमार यादव)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं
सदस्य सचिव

जीवो जीवस्य जीवनम्

MADHYA PRADESH STATE BIODIVERSITY BOARD

# मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज प्रतियोगिता– 2025













